# वर्ष 2017 से अब तक हमने बनवाए कई एक्सप्रेसवे

अनुपूरक बजट को लेकर मुख्यमंत्री योगी ने कहा, वर्ष 2017 में जब सत्ता संभाली तब आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे अपने अंतिम चरण में था। बीते सात वर्ष में कई एक्सप्रेसवे बनाए गए हैं। इनमें केंद्र सरकार ने भी सहयोग किया। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, दिल्ली-आगरा एक्सप्रेसवे शामिल हैं। गंगा एक्सप्रेसवे के लिए अनुपूरक बजट में धनराशि की मांग की है। इसके अलावा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे, बलिया लिंक एक्सप्रेसवे के साथ ही चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे पर कार्य हो रहा है। शाहजहांपुर से फर्रुखाबाद होते हुए आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे को जोड़ने के लिए एक नए एक्सप्रेसवे पर कार्य जल्द शुरू होगा, जिसका सर्वे पूरा हो गया है। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को जोड़ने की कार्यवाही को भी सरकार आगे बढ़ा रही है। इंटरस्टेट कनेक्टिविटी को फोरलेन की कनेक्टिविटी से जोड़ा जा रहा है, जिससे उप्र आगंतुकों का स्वागत करता दिखाई दे। नेपाल की सीमा पर भारत-नेपाल मैत्री द्वार आगंतुकों का स्वागत करे, इसकी तैयारी भी शुरू हो चुकी है।